10

# कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज

## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की तेरहवीं बैठक दिनांक 14.07.2023 की कार्यवाही

कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज की तेरहवीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन डॉ आर0 के0 सोहाने, निदेशक, प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की अध्यक्षता में दिनांक 14.07.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज के प्रशिक्षण कक्ष में किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ के0 सत्यनारायण, सह–अधिष्ठाता–सह–प्राचार्य, डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय किशनगंज, डा0 राजीव सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज, जिला कृषि पदाधिकारी, केन्द्र के सभी वैज्ञानिक, सहायक कमान्डेन्ट, संबद्ध विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी , गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा जिले के कृषक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

तकनीकी सत्र के दौरान वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने केन्द्र की जून, 2022 से जून, 2023 तक का प्रगति प्रतिवेदन एवं अप्रेल, 2023 से मार्च, 2023 तक की कार्ययोजना प्रस्तुत किया। इस बैठक में बारहवीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की भी समीक्षा की गई जिसे सदन द्वारा संपुष्ट किया गया।

<u>उपस्थिति : पंजी संधारित</u>

**बैठक में उपस्थित सदस्यों से आपसी विचार विमर्श के उपरांत निम्नलिखित प्रस्ताव सर्वसम्मती से पारित किये गये :**

1. किशनगंज जिले में चाय की खेती के प्रसार हेतु आवश्यक प्रसार गतिविधि कार्यक्रम चलाया जाय जिसमें चाय किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज/डा0 कलाम कृषि महाविद्यालय के द्वारा तकनीकि सहायता प्रदान की जाय। साथ ही जीविका से भी इस संबंध में समन्वय स्थापित किया जाय।

   **(क्रियान्वयन : विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यान)**

2. जिले के कृषि से संबंधित समस्या को ध्यान में रखते हुए ऑन फार्म ट्रायल का चयन किया जाय।

   **(क्रियान्वयन : सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ)**

3. किशनगंज जिले में अत्यधिक वर्षा होने के कारण खरीफ मौसम में मिलेट्स (श्री अन्न) का प्रत्यक्षण नहीं होने की दशा में रबी मौसम के लिए कट्टु (Buck Wheat) / Pseudo Millet का प्रत्यक्षण किया जाय।

   **(क्रियान्वयन : सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ )**

4. कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज में स्थापित संग्रहालय में जीवंत प्रत्यक्षण लगाया जाय एवं आवश्यक सम्वर्धन समय–समय पर किया जाय जिससे किसानों को नवीनतम जानकारी प्राप्त हो।

   **(क्रियान्वयन : प्रभारी, प्रत्यक्षण इकाई)**

5. नाबार्ड द्वारा गठित कृषक उत्पादक संगठन के सदस्यों को 30–30 के संख्या में विशेषता आधारित प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज में समन्वय स्थापित कर किया जाय।

   **(क्रियान्वयन : जिला प्रबंधक, नाबार्ड / वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, किशनगंज )**

6. कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज के प्रक्षेत्र जो कि सीमा सुरक्षा बल से सटे है को कटीले तार से घेरने हेतु एक प्रस्ताव सीमा सुरक्षा बल को दिया जाय।

   **(क्रियान्वयनः प्रभारी, प्रक्षेत्र/ प्रक्षेत्र प्रबंधक)**

7. समेकित कृषि प्रणाली के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज के परिसर में निर्मित तालाब का मेढ. जो कि क्षतिग्रस्त हो चुका है इसकी मरम्मती हेतु पत्र कार्यपालक अभियंता, भो0 पा0 शा0 कृ0 महाविद्यालय, पूर्णिया को भेजा जाय। साथ ही सम्बन्धित प्रदर्शन इकाई (मुर्गापालन एवं बत्तख पालन) मानकपूर्ण एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर में निर्मित इकाई के अनुरूप निर्माण हेतु अनिर्मित कार्य हेतु इस मद के राशि को तत्काल कार्यपालक अभियंता, भो0 पा0 शा0 कृ0 महाविद्यालय, पूर्णिया से वापस करने हेतु पत्र भेजा जाय तथा राशि प्राप्त होते ही अधुरे कार्य यथाशीघ्र पूरा किया जाय।

**(क्रियान्वयनः कार्यपालक अभियंता, भो0 पा0 शा0 कृ0 महा0, पूर्णिया/प्रभारी प्रक्षेत्र/वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान)**

8. कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज के प्राथमिकता आधारित कार्य क्षेत्र (Thrust Area) में चाय और सिल्क को जोड़ा जाय।

**(क्रियान्वयन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान )**

9. केन्द्र के द्वारा आयोजित की जानी वाली सभी प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रशिक्षाणर्थियों की सूची बनाकार उसे Website में डाला जाय।

**(क्रियान्वयन : प्रभारी, प्रशिक्षण / कार्यकम समहायक, कम्प्यूटर)**

10. जिले के कृषि से संबंद्ध विभाग द्वरा योजनाओं से संबंधित प्रत्यक्षण दिये जाने से पहले संबंधित किसान को संबंधित प्रत्यक्षण विषय पर कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज द्वारा प्रशिक्षण दिया जाय।

**(क्रियान्वयन : कृषि से संबंद्ध विभाग )**

11. कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज द्वारा आयोजित किये गये ऑन फार्म ट्रायल के परिणाम में जो बेहतर तकनीकी का उपयोग हुआ है उसे तकनीक को जिला कृषि पदाधिकारी को दिया जाय।

**(क्रियान्वयन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान )**

12. बिहार कौशल बिकास मिशन अन्तर्गत केन्द्र के द्वारा आयोजित किये जाने वाले Agriculture Extension Service Provider जॉब रोल के लिए Village Resource Person को प्रशिक्षण में नामित करने हेतु जीविका एवं प्रदान, किशनगंज को प्रस्ताव भेजा जाय।

**(क्रियान्वयन : संबंधित ToT )**

कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज के डा0 नीरज प्रकाश, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कीट विज्ञान ने सम्मान के साथ धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की समाप्ति की।

3/8/2023
**वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**
**कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज**

**पत्र संख्या : 217/कृ0वि0क0, किशनगंज** **दिनांकः 03.08.2023**

**प्रतिलिपीः** निदेशक, अटारी, जोन–IV पटना/निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर/ सह–प्राचार्य–सह–अधिष्ठाता, डा0 कलाम कृषि महाविद्यालय, किशनगंज/ सभी सदस्य, वैज्ञानिक सलाहाकार समिति/संबंधित वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी, किशनगंज को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3/8/2023
**वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**
**कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज**